# आपदा प्रबंधन को प्रभावी बनाने हेतु UNDP के साथ साझेदारी

## चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश के राहत आयुक्त कार्यालय ने राज्य में आपदा प्रबंधन को अधिक **प्रभावी** और **वैज्ञानिक** बनाने के लिये संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के साथ एक **सहयोग ज्ञापन (MoA)** पर हस्ताक्षर किये गए हैं।

## मुख्य बिंदु:

**सहयोग ज्ञापन (MoA) के बारे में:**

- **उद्देश्य:**
    - इसका उद्देश्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रमों को लागू करना, राज्य की **संस्थागत क्षमता** को सशक्त बनाना तथा एक **तकनीकी दृष्टिकोण** पर आधारित **बहु-स्तरीय आपदा प्रबंधन प्रणाली** का विकास करना है।
    - यह **समग्र आपदा प्रबंधन कार्यक्रम** राज्य को एक **मज़बूत जोखिम न्यूनीकरण ढाँचे** से सुसज्जित करेगा और संभावित आपदाओं के प्रति **तैयारी** को बढ़ाएगा।
    - इसके अंतर्गत राज्य में **आपदा जोखिम न्यूनीकरण उपायों** को लागू किया जाएगा, जिससे एक **समावेशी, उत्तरदायी तथा प्रभावी** आपदा प्रबंधन प्रणाली का निर्माण सुनिश्चित हो सके।
- **कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएँ:**
    - उत्तर प्रदेश के सभी 75 ज़िलों तथा 15 प्रमुख राज्य विभागों के लिये आपदा प्रबंधन योजनाओं का निर्माण किया जाएगा।
    - 20 प्रमुख नगरों के लिये विस्तृत जोखिम मूल्यांकन एवं असुरक्षा अध्ययन किये जाएंगे तथा इन शहरों के लिये शहरी आपदा प्रबंधन योजनाएँ तैयार की जाएंगी।
    - **10 राज्य विभागों** के लिये **विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPRs)** तैयार किये जाएंगे।
- **तकनीकी सुधार:**
    - **राज्य की आपदा सूचना प्रणाली** का एकीकरण करके सशक्त किया जाएगा।
    - इसके लिये **कार्यशालाओं, ICT उपकरणों की उपलब्धता** तथा राहत आयुक्त कार्यालय में **परियोजना प्रबंधन इकाई (PMU)** की स्थापना की जाएगी ताकि समन्वय प्रभावी ढंग से सुनिश्चित हो सके।
- **बजट और कार्यान्वयन:**
    - उत्तर प्रदेश सरकार ने आगामी **तीन वर्षों** के लिये इस कार्यक्रम के चरणबद्ध क्रियान्वयन हेतु **19.99 करोड़ रुपए** के बजट को मंज़ूरी दी है।
    - कार्यक्रम का कार्यान्वयन **UNDP के तकनीकी प्रस्तावों** के अनुसार किया जाएगा तथा इसे राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) की सिफारिशों के अनुरूप संरेखित किया गया है।

## संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के बारे में

- **परिचय:**
    - यह संयुक्त राष्ट्र का वैश्विक विकास नेटवर्क है, जो परिवर्तन का समर्थन करता है और लोगों को बेहतर जीवन बनाने में मदद करने के लिये देशों को ज्ञान, अनुभव तथा संसाधनों से जोड़ता है।
- **स्थापना एवं मुख्यालय:**
    - UNDP की स्थापना वर्ष 1965 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आधिकारिक रूप से की गई थी।
    - इसका गठन संयुक्त राष्ट्र विस्तारित तकनीकी सहायता कार्यक्रम (1949) और संयुक्त राष्ट्र विशेष कोष (1958) को मिलाकर किया गया था।
    - इसका **मुख्यालय न्यूयॉर्क शहर** में है, लेकिन यह मुख्य रूप से लगभग 170 देशों और क्षेत्रों में स्थित अपने कार्यालयों के माध्यम से कार्य करता है।
- **वैश्विक उपस्थिति एवं कार्य पद्धति:**
    - यह लगभग 170 देशों और क्षेत्रों में ज़मीनी स्तर पर कार्य करता है, जहाँ यह विकास संबंधी चुनौतियों के लिये स्थानीय समाधानों को समर्थन प्रदान करता है तथा ऐसी राष्ट्रीय तथा स्थानीय क्षमताओं का निर्माण करता है, जो उन्हें मानव विकास व सतत विकास

लक्ष्यों की प्राप्ति में सक्षम बनाएँ।

- **मुख्य कार्यक्षेत्र:** UNDP का कार्य तीन प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है:
    - सतत् विकास
    - लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था और शांति निर्माण
    - जलवायु और आपदा प्रबंधन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/partners-with-undp-for-improved-disaster-resilience